मेरता रोड स्टेशन का मन्दिर

९५८. **श्री प० ला० बारूपाल:** क्या रलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि ६० वर्ष पूर्व हरिजनों द्वारा मेरता रोड स्टेशन के निकट बनाये गये श्री रामदेव जी के मन्दिर की चहारदीवारी जोधपुर के डिवीजनल सुपरिन्टन्डेट के कार्यालय के आदेश से बिना पूर्व-सूचना के गिरा दी गयी है ;

(ख) क्या स्थानीय हरिजनों ने इसके विरोध में अभ्यावेदन के लिये कुछ तार भेजे हैं; और

(ग) यदि हां, तो उन पर क्या कार्यवाही की जा रही है ?

रेलवे तथा परिवहन उपमंत्री (श्री अलगेशन) : (क) जी नहीं।

(ख) और (ग) जी हां । इस मामले की जांच की गयी थी। मेरता रोड में रेलवे की जमीन पर एक मंदिर है जो ३० साल पहले बनाया गया था। सितम्बर १९५६ में इस मंदिर का विस्तार करने के उद्देश्य से कुछ स्थानीय लोगों ने एक पक्का कमरा बनाना शुरू किया । इस पर रेलवे ने तुरन्त कार्रवाई की और उस कमरे को उन्हीं लोगों से गिरवा दिया गया जो उसे बना रहे थे। लेकिन पुराने मंदिर पर हाथ नहीं लगाया गया। वह ज्यों का त्यों बना है ।

दिल्ली के सामुदायिक विस्तार सेवा खन्ड

९५९. **श्री नवल प्रभाकर** : क्या **सामुदायिक विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सामुदायिक विस्तार सेवा खण्ड विभाग ने दिल्ली के कितने ग्रामों में गत ४ वर्षों में पक्की गलियां बनवाई हैं; और

(ख) इस सम्बन्ध में सहायता के रूप म दी गयी राशि का ब्योरा क्या है ?

सामुदायिक विकास मंत्री (श्री सु० कु० डे): (क) १०२ गावों में पक्की गलियां बनाई गई थीं। गलियों की पूरी पूरी तादाद मालूम नहीं।

(ख) कुल इमदाद की रक़म १,९५,८९८ रु० हैं जिसकी तफ़सील नीचे है।

वर्ष	शाहदरा ब्लाक		मेहरोली ब्लाक		कुल	
	ग्रामों की संख्या	रक़म रु०	ग्रामों की संख्या	रक़म रु०	ग्रामों की संख्या	रक़म रु०
१९५३-५४	..	..	१	७,६००	२	१२,१००
१९५४-५५	३	९,,३५०	१	७२७	२८	७१,३५५
१९५५-५६	१०	२३,९३०	४	७,१७४	७२	१,१२,४४३
	१३	३३,२०	६	१५,५०१	१०२	१९५,८९८

नोट: १९५२-५३ में कोई रक़म नहीं दी गई।